/4 के रिकोर्डेड सहखातेदार काश्तकार स्वरूप पुत्र मोहरसिंह जाति गुर्जर निवासी ालावाडा ने अपने सम्पूर्ण हिस्सा की भूमि को गैरसायल सं01 की पत्नि एवं गैरसायल सं0 ता 4 की माता श्रीमती केशादेवी उर्फ केशपति के हक में बेचान कर दिया है तथा उक्त जिस्टर्ड विकय पत्र के आधार पर राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में अमल हो चुका है तथा ासरा नम्बर 671 रकबा 0.18 है0 में से भी अपना हि0 1/4 भाग को जरिये स्टाम्प बेचान केया जा चुका है तथा उक्त खसरा नम्बर पर स्थगन आदेश होने के कारण रजिस्टर्ड वेकय पत्र नहीं होने बाबत स्टाम्प की लिखावट में स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इस प्रकार उक्त विवादित आराजीयात के 1/4 हिस्से पर गैरसायल सं01 ता 4 काबिज व दखील होना साबित है। ऐसी स्थिति में गैरसायलान को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। सायलान के हिस्से में हाल खसरा नम्बर 671 रकबा 0.18 है0 मुताविक राजस्व रिकार्ड नहीं आता है बल्कि मुताविक राजस्व रिकार्ड सायलान के हिस्से में लगभग मात्र रकबा 0.11 है0 आता है तथा दूसरे खाते के कुल रकबा 3.85 है0 में सायलान का रकबा 0.55 है0 आता है। सायलान ने अपने प्रार्थना पत्र में यह कहीं भी उल्लेख नहीं किया है कि सायलान का कुल रकबा 0.66 है0 कौन-कौन से खसरा नम्बर में आता है तथा उसका कौन कौन से खसरा नम्बर पर बहामी बंटवारे के अनुसार कब्जा काश्त है। सायलान ने मात्र खसरा नम्बर 671 रकबा 0.18 है0 वाके ग्राम आलावाडा के बाबत् गैरसायलान को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द कराना चाहता है जो न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। यदि उक्त विवादित आराजी खसरा नम्बर 671 रकबा 0.18 है0 सायलान के हिस्से में आता है तो सायलान को नियमानुसार विधिवत विभाजन कराकर अपना खाता अलग कराने का दावा दायर करना चाहिए था। सायलान ने मात्र स्थायी निषेधाज्ञा का दावा दायर किया है।

सायलान के द्वारा अस्थायी निषेधाज्ञा का जो प्रार्थना पत्र पेश किया गया है उसके प्रत्येक पेज पर भी सायलान के हस्ताक्षर नहीं है तथा प्रार्थना पत्र के अन्तिम पेज पर सायलान के हस्ताक्षर है, संलग्न शपथ पत्र भी प्रमाणित नहीं है। सीपीसी नियमों के तहत प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा के प्रत्येक पेज पर सायलान के हस्ताक्षर होना कानूनन आवश्यक है। इस बिना पर भी सायलान का प्रार्थना पत्र कानूनन मेन्टेनेबिल नहीं है। इस प्रकार सायलान का प्रथम दृष्टया केस साबित नहीं होता है और ना सुविधा का सन्तुलन एवं अपूर्तनीय क्षति का बिन्दू भी सायलान के पक्ष में साबित है। बल्कि प्रथम दृष्टया केस, सुविधा का सन्तुलन एवं अपूर्तनीय क्षति का बिन्दू गैरसायलान के पक्ष में बखूबी साबित है। ऐसी स्थिति सायलान का प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा विरूद्ध गैरसायलान खारिज योग्य योग्य न्यायोचित प्रतीत होता है।

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

